आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष-8 अंक-148 ● कटनी ● रविवार, 24 अक्टूबर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन शुक्ल पक्ष -13 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935





तैयार विराट सेना

भारतीय टीम पूरी तरह से तैयार: कोहली

इस बीच, टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारतीय टीम पूरी तरह से तैयार हैं और खिलाड़ी किसी भी टीम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए फिट हैं। हालांकि उन्होंने अंतिम 11 खिलाड़ियों के बारे में नहीं बताया, लेकिन हार्दिक पांड्या के बारे में बताया कि वे तेजी से फिट हो रहे हैं और टीम मैनेजमेंट को भरोसा है कि वे जल्द अपनी सेवाएं दे सकेंगे। भारत के कप्तान विराट कोहली ने रविवार को दुबई में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप 2021 के पहले मैच से पहले पाकिस्तान को बहुत मजबूत टीम करार दिया। भारत और पाकिस्तान सुपर 12 चरण में हाई-ऑक्टेन ग्रुप 2 के मुकाबले में अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। हालांकि कई विशेषज्ञों और प्रशंसकों का मानना है कि भारत मजबूत पक्ष है, लेकिन कोहली की एक अलग राय थी

दुबई। टी-20 विश्व कप का आगाज हो चुका है। आज होने वाले महामुकाबले में भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। टॉस आधे घंटे पहले यानी शाम सात बजे होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार शाम होने वाले महामुकाबले के लिए माहौल पूरी तरह बन चुका है। पाकिस्तान ने पहले ही अपने अंतिम 12 खिलाड़ियों का ऐलान कर दिया है, वहीं भारतीय कप्तान ने अभी पत्ते नहीं खोले हैं। अंतिम 11 में कौन होगा, इसको लेकर सस्पेंस कायम है। सस्पेंस हार्दिक पांड्या को लेकर है। वहीं वरुण चक्रवर्ती और आर. अश्विन में से कौन खेलेगा, इसको लेकर भी कयास लगाए जा रहे हैं। दोनों टीमें 2016 विश्व कप के बाद पहली बार टी-20 में आमने-सामने होंगी। भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी टी-20 मुकाबला 19 मार्च 2016 को खेला गया था। तब आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के मैच में भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया था। भारत और पाकिस्तान टी-20 विश्व कप में पांच बार आमने-सामने आ चुकी हैं। भारत ने यह सभी मुकाबले जीते हैं। टी-20 में ओवरऑल दोनों टीम आठ बार भिड़ चुकी हैं। इसमें टीम इंडिया ने सात और पाकिस्तान ने एक मैच जीता है। इस विश्व कप में भारतीय टीम का दारोमदार उनके दो सबसे अनुभवी बल्लेबाजों पर है। एक टीम का कप्तान है और दूसरा टीम का उपकप्तान है। इन दोनों ने भारत के लिए टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। रोहित भारत के लिए 2007 से लेकर अब तक सारे टी-20 विश्व कप खेलने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं। टी-20 विश्व कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट टीम के दो स्पिनर्स ने लिया है। अश्विन ने 17 और जडेजा ने 14 विकेट लिए हैं। इन दोनों पर भारत को चैंपियन बनाने की जिम्मेदारी होगी। इससे पहले अश्विन और जडेजा को पाकिस्तान के खिलाफ एसिड टेस्ट से गुजरना होगा। दोनों टीमों के गेंदबाजों पर नजरें होंगी। भारत की ओर से मौजूदा टीम में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं। पाकिस्तान टीम को उनके सटीक यॉर्कर और 140+ की स्पीड से गुजरना होगा।

पाक की टीम का ऐलान, भारत के संभावित

टी-20 वर्ल्ड कप मकुाबले के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। बाबर आजम की कप्तानी में जिन 12 खिलाड़ियों की घोषणा की गई है, उनमें शामिल हैं- रिजवान, फखर जमान, हफीज, मलिक, आसिफ अली, हैदर अली, इमाद वसीम, शादाब खान, हसन अली, शाहीन, हारिस रऊफ। बता दें, पाकिस्तान को इस बार उम्मीद है कि वे विश्व कप में भारत के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज कर पाएंगे। भारतीय टीम मैनेजमेंट ने अब तक अपने अंतिम 11 या अंतिम 12 खिलाड़ियों का ऐलान नहीं किया है। कुछ खिलाड़ियों को लेकर दुविधा की स्थिति है। हालांकि माना जा रहा है कि कप्तान विराट कोहली की कप्तानी में जो खिलाड़ी मैदान में उतर सकते हैं, वो हैं – रोहित शर्मा, केएल राहुल, विराट कोहली (सी), ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने मैच से पहले कहा, हम अतीत पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहते।

फटाफट खबरें

अमित शाह पहुंचे जम्मू, लगे भारत माता जय के नारे

जम्मू। केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद आज पहली बार गृहमंत्री अमित शाह की जम्मू में पहली बार जनसभा होगी। इसके लिए भवगती नगर स्थित जेडीए ग्राउंड में सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई है। रविवार सुबह से मौसम साफ होने के बाद कार्यकर्ताओं और लोगों के कार्यक्रम स्थल में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। भवगती नगर चौथे पुल से लेकर कार्यक्रम स्थल तक लगातार चेकिंग की जा रही है। गृह मंत्री के कार्यक्रम को लेकर शहर और आसपास के इलाकों में कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने मल्टी टियर सुरक्षा व्यवस्था की है। इसमें शार्प शूटर, ड्रोन सर्विलांस, मोबाइल चेक प्वाइंट, मोबाइल पेट्रोल जैसे प्रबंध हैं। जम्मू एयरपोर्ट से लेकर भगवती नगर इलाके तक अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा आसपास के इलाकों को सील किया गया है।

भाजपा विधायक और उनकी पत्नी के खिलाफ CBI में FIR दर्ज

इंदौर। इंदौर। बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ धोखाधड़ी के मामले में सीबीआई ने शिवराज सिंह सरकार के पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता सुरेंद्र पटवा और उनकी पत्नी श्रीमती मोनिका पटवा के खिलाफ स्नङ्क्रदर्ज कर ली है। आरोप है कि पटवा दंपति बैंक ऑफ बड़ौदा से 29.41 करोड़ रुपए का लोन लिया और फिर चुकाने से मना कर दिया। सुरेंद्र पटवा मध्यप्रदेश में भाजपा के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा के भतीजे हैं।

दुष्कर्म पीड़िता को नहीं मिला बेड

पटना। दुष्कर्म के दर्द से कराहती मासूम के साथ उसका पिता दिल्ली के नामचीन अस्पतालों के बीच करीब ढाई घंटे तक चक्कर काटता रहा, लेकिन इलाज देने की जगह उसे हर जगह दूसरे अस्पताल का रास्ता पकड़ने की नसीहत मिली। सरदार पटेल अस्पताल से लेडी हार्डिंग अस्पताल, आगे कलावती, फिर लेडी हार्डिंग..., खून से लथपथ अपनी बच्ची को लेकर उसे नई दिल्ली और मध्य दिल्ली में स्थित इन अस्पतालों के बीच 15 किमी भटकना पड़ा।

ईगल बैटरी
डीलर-एक्साइड बैटरी
सभी गाड़ियों की बैटरी
EXIDE
MICROTEK
TECHNOLOGY WE LIVE
पत्रकार भवन के सामने, बल्देवबाग
जबलपुर, फोन-9826115492, 9200792000

सीआरपीएफ पार्टी पर आतंकी हमला

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में रविवार को सीआरपीएफ पार्टी पर हमला कर दिया। इस दौरान क्रॉस फायरिंग में एक नागरिक की मौत हो गई। वहीं सुरक्षाबल द्वारा इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। मारे गए नागरिक की पहचान खरपोरा नौपोरा के रहने वाले शाहीद अहमद के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आतंकियों ने सीआरपीएफ पर हमला कर दिया जिसमें क्रॉस फायरिंग

आर्यन खान मामले में नया मोड़, गवाह का दावा..

ड्रग्स केस में सादे कागज पर एनसीबी ने करवाए थे साइन, 18 करोड़ में हुई डील?

मुंबई। क्रूज ड्रग्स मामले में जेल में बंद शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान के केस में नया मोड़ आ गया है। पंच गवाह होने का दावा करने वाले प्रभाकर साली ने एक हलफनामे में कहा कि उन्होंने केपी गोसावी और सैम डिसूजा को आपस में बात करते सुना था। उन्होंने दोनों को ये कहते सुना था कि आप 25 करोड़ रुपये का बम डाल दो। चलो 18 करोड़ में सौदा तय करते हैं और समीर वानखेड़े को आठ करोड़ रुपये दे देते हैं। प्रभाकर साली ने अपने हलफनामे में ये भी कहा कि उन्होंने शाहरुख खान की मैनेजर पूजा ददलानी को केपी गोसावी से बात करते देखा था। उनका कहना है कि बाद में गोसावी ने उन्हें 50 लाख रुपये नकद लेने के लिए एक स्थान पर जाने को कहा।

कुछ चुनिंदा ट्रेनों में जनरल टिकट शुरू

नई दिल्ली। रेल मंत्रालय ने चुनिंदा ट्रेनों में जनरल टिकट वितरण के लिए अनुमति दे दी है। मंत्रालय ने भारत के सभी रेल मंडलों से प्रस्ताव मांगे थे जिसके आधार पर चुनिंदा ट्रेनों में अनारक्षित यानी जनरल के डिब्बे लगाए जा रहे हैं। त्योहारी सीजन में ट्रेनों में अतिरिक्त बोगियां और स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। ज्यादातर यात्री द्वितीय श्रेणी यात्रा करना चाहते हैं। जनरल के डिब्बे में भी रिजर्वेशन सिस्टम लागू किया गया है। हालात यह है कि वेटिंग टिकट भी नहीं मिल पा रहे हैं। इसके बाद जनरल टिकट वितरण की तैयारी की गई है।

रेलवे स्टेशन पर कोरोना टेस्ट 55 यात्री मिले पॉजिटिव

हटिया। झारखंड के हटिया रेलवे स्टेशन पर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कोरोना के 55 मामले सामने आए। इन सभी का रैपिड एंटीजन कोरोना टेस्ट किया गया था, जिसमें सारे पॉजिटिव पाए गए। दरअसल, त्योहार के मौसम में अन्य राज्यों में काम करने वाले प्रवासियों के घर आने का सिलसिला चल रहा है। लोग नवरात्रि के बाद दिवाली और छठ पूजा को लेकर प्रवासी अधिक संख्या में यात्रा कर रहे हैं। इससे कोरोना विस्फोट की आशंका उत्पन्न हो गई है। जानकारी के मुताबिक ये सभी यात्री तपस्विनी एक्सप्रेस और राउरकेला एक्सप्रेस से आए थे। कोरोना को लेकर सतर्क सरकार ने बाहर से आने वालों पर विशेष नजर रखने के लिए कहा है। हर यात्री का कोरोना टेस्ट अनिवार्य रूप से करने के भी निर्देश दिए गए हैं। हटिया स्टेशन पर इतनी ज्यादा संख्या में कोरोना संक्रमित मिलने से साफ है कि कोरोना तेजी से अपने पांव पसार रहा है। बताया जा रहा है कि रैपिड एंटीजन टेस्ट के लिए सैंपल देकर ये सभी यात्री अपने घर के लिए रवाना हो गए। जबकि निर्देश दिए गए थे कि कोई भी व्यक्ति यदि कोरोना पॉजिटिव पाया जाता है तो उसे आइसोलेशन सेंटर या फिर

जबलपुर से एक माह पूर्व नोयडा शिफ्ट हुआ था परिवार

मैक्सिको में हुई गोलीबारी में 30 साल की ट्रैवल ब्लागर की मौत

जबलपुर। मैक्सिको में हुए ड्रग गिरोह के गैंगवार में मध्यप्रदेश बिजली बोर्ड की कंपनियों में एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रहे बीपी (भानू) श्रीवास्तव की पुत्र वधु अंजली रेयात 30 वर्ष की गोली लगने से मौत हो गई थी। अंजली हिमाचल प्रदेश की रहने वाली थीं। बीपी श्रीवास्तव जबलपुर से एक माह पूर्व ही नोयडा शिफ्ट हो चुके हैं। जबलपुर में वे अग्रवाल कालोनी में रहते थे। अंजली कैलिफोर्निया के सैन जोस में पति उत्कर्ष के साथ रहती थी। शुक्रवार को हुई थी गोलीबारी मैक्सिको के कैरेबियन तट स्थित तुलुम रिजॉर्ट में विगत शुक्रवार को हुई। गोलीबारी में भारतीय मूल की अंजली रेयात की मौत हो गई थी। बताया जाता है कि वो कैलिफोर्निया के सैन जोस में रहती थीं। जानकारी के मुताबिक तुलुम रिजार्ट में ड्रग माफियाओं के बीच गोलीबारी हुई थी, जिसमें दो विदेशी पर्यटकों की मौत हुई थी। जान गवांने वालों में अंजली शामिल रही। इस गोलीबारी में एक जर्मन महिला जेनिफर हेनजोल्ड की भी मौत हुई थी।

चीन की नई चाल, एलएसी पर बसाने जा रहा गांव

नई दिल्ली। भारत के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चल रही तनातनी के बीच चीन ने नई चाल चली है। चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के स्थाई सदस्यों की ओर से नया भूमि सीमा कानून पास किया गया है। इस कानून के तहत चीन सीमावर्ती इलाकों में अपनी दखल बढ़ाने जा रहा है। वह इन इलाकों में आम नागरिकों को बसाने की तैयारी कर रहा है, जिससे किसी भी अन्य देश के लिए इन इलाकों में सैन्य कार्रवाई और भी मुश्किल हो जाएगी। चीन अपने इस कानून को देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए अहिंसक बता रहा है। इसके तहत चीन के सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाएगी। भारत ने कहा कि हम सतर्क हैं।

विधानसभा अध्यक्ष की सायकल ट्रेन से चोरी

भोपाल। रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल से रीवा लायी जा रही विधानसभा अध्यक्ष की सायकल खुरई स्टेशन के पहले चोरी हो गई। सायकल एसी फर्स्ट कोच में टॉयलेट के समीप रखी थी। चोरी होने के बाद हड़कंप मच गया। गिरीश गौतम को आज सायकल यात्रा में शामिल होना था प्रदेश अध्यक्ष भी सायकल यात्रा के शुभारंभ के मौके पर रीवा

त्योहारों से पहले पीएम मोदी ने याद दिलाया- वोकल फॉर लोकल

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 अक्टूबर 2021 को अपने मासिक रेडियो प्रोग्राम मन की बात कार्यक्रम को संबोधित किया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत 100 करोड़ वैक्सीन डोज की सफलता के साथ की। पीएम मोदी ने इसके लिए देशवासियों को कोटि-कोटि नमस्कार किया। पीएम मोदी ने कहा, मैं अपने देश, अपने देश के लोगों की क्षमताओं से भली-भांति परिचित हूं। मैं जानता था कि हमारे देशवासियों के टीकाकरण में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। हमारे टीकाकरण कार्यक्रम की सफलता, भारत के सामर्थ्य को दिखाती है, सबके प्रयास के मंत्र की शक्ति को दिखाती है। पीएम मोदी ने त्योहारों की अग्रिम बधाइयां दी और याद दिलाया कि इस दौरान वोकल फॉर लोकल का ख्याल रखना है यानी स्वदेशी चीजों की ही खरीदारी करना है। पीएम ने कहा, इतने त्योहार एक साथ होते हैं तो उनकी तैयारियां भी काफी पहले से शुरू हो जाती हैं।

सीएम की चाय पर चर्चा

बुरहानपुर। खंडवा लोकसभा उपचुनाव को लेकर बुरहानपुर पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने रविवार सुबह ग्राम बहादरपुर, लोनी, सिलमपुरा, राजपुरा आदि क्षेत्रों का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने कहीं पर देव दर्शन किए तो कहीं पर ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनसे चर्चा की। ग्रामीणों के साथ मीडियाकर्मियों से भी चाय पर चर्चा की। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि हमारा मकसद हितग्राही के घर आना इसलिए है कि हम देखना चाहते हैं कि जमीनी स्तर पर लोगों को योजनाओं का लाभ किस तरह मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जनता की हम सेवक है और हमें यह जनता के बीच में जाना चाहिए इससे हमें आम जनमानस की समस्या पता चलती है और लोगों की जब समस्या पता चलेगी तो नई योजना का जन्म होगा।

जबलपुर, कटनी, भोपाल, मंडला, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

रंगाई-पुताई पर चढ़ा महंगाई का रंग

पेट्रो पदार्थों की कीमतें बढ़ने से रंग-पेंट के दामों में उछाल

कारोबार पर पड़ा 50 प्रतिशत तक असर, मजदूरी भी बढ़ी

यश भारत संडे स्पेशल

कटनी। शहर में दीपावली पर्व की तैयारियां शुरू हो गई है। यह पर्व इस साल 4 नवंबर को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। पर्व को अब महज एक पखवाड़े से भी कम समय शेष रह गया है। ऐसे में घरों में जहां इस समय साफ-सफाई और रंग रोंगन का काम चल रहा है तो वहीं दुकानदारों ने भी नया स्टाक मंगवाकर तैयारियां शुरू कर दी है। महंगाई का असर भी पर्व देखा जा रहा है। रंग और पेंट के दाम भी 20 से 25 फीसदी तक बढ़ गए हैं, इससे लोगों की जेब ढीली हो रही है।

लोग घरों की साफ सफाई और रंगाई-पुताई में भी जुटे हुए हैं। वहीं मनपसंद रंग खरीदने के लिए शहर में स्थित विभिन्न पेंट शॉप की ओर रुख कर रहे हैं लेकिन पेंट की बढ़ी कीमत सुनने के बाद लोग मायूस भी हो रहे हैं, क्योंकि इस दीपावली में वॉल पेंटिंग पर महंगाई का रंग चढ़ गया है और कोविड काल के बाद मूल्यवृद्धि का असर रंगों पर साफ देखा जा रहा है। इस वजह से रंगों की कीमत में 10-25 प्रतिशत तक का उछाल आया है। महंगाई बढ़ने की वजह से लोग मन मुताबिक पेंट की खरीदारी नहीं कर पा रहे हैं। इधर पिछले साल कोरोना काल में आर्थिक नुकसान सहने के बाद पेंट व्यवसायियों ने इस दीपावली में अच्छी कमाई की उम्मीद लगाई थी लेकिन पेट्रोलियम उत्पादों में मूल्यवृद्धि ने उनकी रही-सही उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। पेंट विक्रेताओं का कहना है कि कोरोना के कारण लोगों की जेबे खाली हैं। दीपावली में भी मार्केट में पैसा मूव नहीं कर रहा है। कारोबार में 50 प्रतिशत का असर पड़ा है। शहर में पेंट की लगभग आधा सैकड़ा छोटी-बड़ी दुकानें हैं।

अब तक 25 प्रतिशत तक बढ़ गईं कीमतें

कोरोना काल के दौरान अप्रैल से अब तक रंगों की कीमत में 25 प्रतिशत तक का उछाल आया है। वहीं कई कंपनियां तो हर माह अपने प्रोडक्ट की कीमतें बढ़ा रही हैं। जिससे विक्रेता भी परेशान हैं। बताया जा रहा है कि इस मूल्यवृद्धि का सबसे बड़ा कारण पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में अप्रत्याशित उछाल आना है। वहीं पेंट बनाने के लिए केमिकल, पिगमेंट सहित कई अन्य रॉ मैटीरियल की आवक चीन से होती है। इनकी कीमतें भी पिछले एक साल के दौरान बढ़ गई हैं, जिसका असर भारतीय पेंट बाजार पर पड़ा है। इस मूल्यवृद्धि के चलते विगत अप्रैल से अब तक प्लास्टिक पेंट, डिस्टेंपर, इमल्सन, प्राइमर, थिनर आदि की कीमतों पर भी असर पड़ा है। पिछले साल जहां 10 लीटर प्लास्टिक पेंट की कीमत 1000-1100 रुपये थी, वहीं इस साल बढ़कर 1300 रुपये तक पहुंच गई है।

विभिन्न पेंट एवं उत्पादों की कीमत

प्लास्टिक पेंट : 125 से 750 रुपये प्रति लीटर
प्लास्टिक पेंट : 1300 रुपये 10 लीटर बकेट
प्लास्टिक पेंट : 2400 रुपये 20 लीटर बकेट
प्लास्टिक पेंट : 550-600 रुपये 4 लीटर बकेट
डिस्टेंपर : 50 से 80 रुपये प्रति किलो
डिस्टेंपर : 350 रुपये 10 किलो
वेदर कोट : 900 से 950 रुपये प्रति लीटर
पीयू पेंट : 1450 रुपये प्रति लीटर
प्राइमर वाटर बेस्ड : 2400 रुपये 20 लीटर बकेट
प्राइमर सॉलवेंट बेस्ड : 3000 रुपये 20 लीटर बकेट
तारपीन : 70 रुपये 900 एमएल
थिनर : 3400 से 3600 20 लीटर बकेट

पेंटरों ने भी बढ़ाई मजदूरी

वॉल पेंटिंग से लेकर खिड़की एवं दरवाजे की रंगाई-पुताई के लिए पेंटर जहां पिछले साल 400-450 रुपये प्रतिदिन मजदूरी लेते थे, वहीं महंगाई बढ़ने के कारण इस दीपावली के अवसर पर वे 500 रुपये प्रतिदिन मजदूरी ले रहे हैं। पिछले कुछ सालों को काम को ठेके पर लेने का चलन भी बढ़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों से हर दिन हजारों की संख्या में मजदूर काम की तलाश में शहर आते हैं। एक तो रंगों की कीमत में उछाल और ऊपर से पेंटरों द्वारा मजदूरी बढ़ाए जाने से लोग मन-मुताबिक काम भी नहीं करवा पा रहे हैं।

इनका कहना है

कोरोना काल के बाद से उम्मीद के मुताबिक व्यापार नहीं हो पा रहा है। वर्ष 2019 तक इस समय हाल यह रहता था कि पेंट विक्रेताओं को बात करने की फुर्सत नहीं रहती थी। पितृपक्ष की समाप्ति के बाद से ही लोग पेंट की खरीदारी के लिए आने लगते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है। पेंट की कीमत भी लगातार बढ़ रही है। अब कारोबार पहले जैसा नहीं रहा। बिक्री पर लगभग 50 प्रतिशत का असर पड़ा है। कोरोनाकाल के बाद स्थितियों में बहुत परिवर्तन आया है। लोग महंगाई के चलते रंग रोंगन कराने से भी पीछे हट रहे है।

-मनीष गुप्ता, पेंट विक्रेता

रात में चलनी से होगा चांद का दीदार, सज संवरकर पूजन करेंगी महिलाएं, चांद को देखकर तोड़ेंगी व्रत

करवाचौथ पर महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

कटनी। पति की लंबी आयु की कामना को लेकर आज करवा चौथ का पर्व मनाया जा रहा है। आज सुबह से ही महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा। इस पर्व की तैयारियां पिछले दो दिनों से चल रही थीं। बाजार में इस पर्व से संबंधित सामग्रियों की दुकानें लगी हुई हैं। यह पर्व पार्वती देवी की आराधना का पर्व है। पार्वती जी को स्त्रियों के अक्षत सुहाग का प्रतीक माना गया है। आज महिलाओं ने दिन भर उपवास रखा और रात को चंद्रमा के दर्शन के बाद पति के हाथ से ही पानी ग्रहण करेंगी। मान्यता है कि भगवान श्रीराम को पति के रूप में प्राप्त करने के बाद सीताजी ने माता पार्वती की आराधना करते हुए सर्वप्रथम कार्तिक मास की चतुर्थी को व्रत रखा था। इस परम्परा का आज भी निर्वहन किया जा रहा है। करवा चौथ व्रत के अवसर पर आज दिन भर बाजार में खरीददारी की जाती रही।

निर्जला रखा जाता है व्रत

करवा चौथ का व्रत एक ऐसा पर्व है जिसमें भारतीय नारी की अपने पति के प्रति स्नेह तथा उसकी रक्षा की कामना की झलक साफ दिखाई देती है। इस दिन हर सौभाग्यवती स्त्री एक नई दुल्हन की तरह सजी दिखाई देती है। मेहंदी और चूड़ियों का इस दिन विशेष महत्व है इसलिए इस दिन हर चूड़ियों की दुकानों पर भारी भीड़ जमा रहती है। अखंड सुहाग देने वाला करवा चौथ का व्रत अन्य सभी व्रतों से कठिन है क्योंकि इस दिन महिलाएं दिन भर निर्जल रहने के बाद रात को चंद्रमा को अर्ध्य देकर ही भोजन करती हैं।

क्या है करवा चौथ की कथा

भगवान श्रीकृष्ण के कहने पर द्रौपदी ने करवाचौथ का व्रत रखा था। मान्यता है कि इसी करवाचौथ व्रत से पांडवों को महाभारत युद्ध में विजय मिली थी। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को दिन भर निर्जल व्रत रखने के बाद शाम को चंद्रमा को जल का अर्घ्य देने के साथ व्रत संपन्न होता है। इस दिन सिर्फ चंद्रमा की ही पूजा नहीं होती। बल्कि करवाचौथ को शिव-पार्वती और स्वामी कार्तिकेय भी पूजा की जाती है। शैलपुत्री पार्वती ने भी शिव जी को इसी प्रकार के कठिन व्रत से पाया था। इस दिन गौरी पूजन से जहां महिलायें अखंड सुहाग की कामना करती हैं, वहीं अविवाहित कन्या सुयोग्य वर पाने की प्रार्थना करती हैं। द्वापर युग में एक बार अर्जुन, वनवास के दौरान नीलगिरी पर्वत पर तपस्या करने गये थे। जब कई दिनों तक अर्जुन वापस नहीं आये तो द्रौपदी को चिंता हुई। तब कृष्ण जी ने द्रौपदी से न सिर्फ करवाचौथ व्रत रखने को कहा बल्कि शिव द्वारा पार्वती जी को जो करवाचौथ व्रत की कथा सुनाई गई थी, उसे स्वयं द्रौपदी को सुनाया था। मान्यता है कि जिन दंपत्तियों के बीच छोटी छोटी बात को लेकर अनबन रहती है, करवाचौथ व्रत से आपसी मनमुटाव दूर होता है। करवाचौथ में चंद्रमा की पूजा की जाती है। चंद्रमा मन का कारक है। सारे रिश्ते नाते भी इसी मन की डोर से बंधे हैं।

लाल रंग का जोड़ा शगुन के तौर पर शुभ

औरतें इस दिन सबसे खूबसूरत और खास दिखना चाहती हैं। जिनका पहला करवा चौथ होता है, वे तो दुल्हन की तरह तैयार होती हैं। लाल रंग का जोड़ा शगुन के तौर पर माना जाता है। इसके अलावा कई और रंग हैं, जो इस दिन पहने जाते हैं। जिनका पहला करवा चौथ है, उन्हें कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। ज्यादातर औरतों को पहले से ही पता होता है कि उन्हें क्या करना है, लेकिन नई दुल्हनों को कई बातों की जानकारी नहीं होती है। ऐसे में हम उन्हें आज बताते हैं कि उन्हें इस दिन क्या क्या करना चाहिए और क्यों खास है ये दिन।

क्यों खास है पहला करवा चौथ

अगर आप पहली बार करवा चौथ कर रही हैं तो आपके साथ-साथ आपके ससुराल वालों के लिए भी ये खास है। नवविवाहित की सास भी उसके साथ व्रत की तैयारियों में जुट जाती हैं। सुबह सरगी के साथ दिन की शुरुआत होती है। उसके बाद पूरे दिन तरह-तरह के व्यंजन बनते हैं और मिठाईयां बनती है। दूध और फेनी की मिठाई बनती है। दुल्हन की तरह नवविवाहिता तैयार होती हैं। ससुराल वाले अपनी बहू को कुछ खास चीजें देती हैं। जोड़ा और गहने। लेकिन कई लोगों में उनके माइके से जोड़े और तोहफों देना का रिवाज होता है।

संतनगर में धूमधाम से मनेगा करवा चौथ'

नई बस्ती स्थित संतनगर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी करवाचौथ पंजाबी रीति रिवाजों के अनुसार धूमधाम से मनाया जायेगा। वंदना सचदेवा पति बॉवी सचदेवा द्वारा निःशुल्क आयोजन किया गया है, इसमें मोहल्ले सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों से महिलाएं करवाचौथ में भागीदारी निभाएंगी। सायं 4 बजे से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जिसमें गेम्स और ब्यूटीक्वीन को वंदना सचदेवा द्वारा पुरूस्कार वितरित किया जाएगा। महिलाएं करवाचौथ पर विविध आकर्षक परिधान में मौजूद रहेंगी। वंदना सचदेवा ने बताया कि पर्व का यह कार्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क हैं। सभी व्यवस्थाएं उनकी तरफ से ही की गयी हैं।

रंग बिरंगे परिधानों में सजकर पहुंची महिलाएं

कटनी। करवा चौथ की पूर्व संध्या पर टीजीएस रेस्टोरेंट में शुक्रवार की शाम मूनलाइट करवाचौथ के तत्वावधान में महिलाओं के लिए श्वेता अमित कटारे एवं श्रेहा रौनक खंडेलवाल द्वारा मूनलाइट करवा चौथ नाम से रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। करवाचौथ के पहले महिलाओं ने सोलह श्रृंगार करते हुए आकर्षक पोशाक ग्रहण की तथा माडलिंग नृत्य से खूब लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के आयोजक श्वेता अमित कटारे, श्रेहा रौनक खंडेलवाल ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। महिलाओं एवं बच्चों के इस भव्य शानदार कार्यक्रम से पूरे रेस्टोरेंट का वातावरण रंगीन हो गया। रंग-बिरंगे परिधान में सजधज कर पहुंची महिलाओं ने कार्यक्रम को ऊंचाइयां प्रदान की, वहीं बच्चों के लिये भी विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। सैंकड़ों महिलाओं ने पूरी शान और शौकत के साथ करवा चौथ को आनंदमयी बना दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।

नीलिमा ❤ से

सौभाग्य का चाँद

सतरंगी सरगोशियां लिये झिलमिलाता चाँद
नीले उफुक पर है इठलाता मदमाता चाँद

सितारों के बीच मुस्कुराता दिलकश चाँद
मोहब्बत और इश्क से भरपूर बेपनाह चाँद

बादलों संग कर रहा अठखेलियां मचलता चाँद
छुप के सता रहा इंतजार कराता इतराता चाँद

दीदार को तरसाता फलक में मुस्कराता चाँद
दिलों की मुराद करेगा पूर्ण मेहरबां पाक चाँद

केसरिया रात में नूर सारे खुद में समेटे रौशन चाँद
रब के आशीष सा करवा चौथ का धवल कामना चाँद

प्रियतम की सलामती की दुआ का गवाह चाँद
फलक पर अखंड सौभाग्य का वरदान उज्ज्वल चाँद

सतरंगी सरगोशियां लिये झिलमिलाता चाँद
नीले उफुक पर है इठलाता मदमाता चाँद !!!

- नीलिमा पाठक सामंतरे

Happy
Karwa Chauth

सड़क में बह रहा नंलों का पानी

लोगों को हो रही परेशानी

कटनी। विजयराघवगढ़ नगर परिषद के अंतर्गत आजाद चौक स्थित बिजावर से कैमोर रोड में लीकेज के कारण पेयजल सप्लाई बाधित हो रही है। जिसकी वजह से मेन रोड पर पानी बहता रहता है। फलस्वरूप वार्डवासियों एवं आवागमन करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क से भारी वाहनों के आवागमन से उक्त उक्त में लाइन अक्सर लीकेज हो जाती है, जिसके सुधार हेतु अनेकों बार नगर परिषद प्रशासन को जानकारी प्रदान की गई किंतु अब और तब की तर्ज में हमेशा पानी बहता रहता है, फलस्वरूप एक और जहां स्वच्छता अभियान को शुद्ध बनाने हेतु प्रशासन के निर्देश हैं, वहीं मेन लाइन लीकेज से घरों के सामने गंदगी का आलम बना रहता है। स्थानीय प्रशासन सीजन अपेक्षा है कि अविलंब लीकेज बंद कराया जाए।

सिटी मॉल बरही रोड में
हॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 4 शो
ता. 14 से
दोपहर
12.30,
3.30,6 एवं
8.30 बजे से
VENOM (हिन्दी में)
(LET THERE BE CARNAGE)
कलाकार- जेनी स्लेट, वुडी हैरेलसन, सोप अलुको, स्कॉट डेकर्ट, मार्सेला ब्रागियो आदि।
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

VENOM
LET THERE BE CARNAGE

सिटी मॉल बरही रोड में
बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, कॉमेडी, फुल एंटरटेनमेंट
रोजाना 4 शो
ता. 22 से
दोपहर
12.45,
3,5.15 एवं
7.30 बजे से
बबलू बैचलर
कलाकार- शरमन जोशी, पूजा चौपड़ा, तेजश्री प्रधान, राजेश शर्मा, महेशचंद्र देव आदि।
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

BABLOO BACHELOR
22 OCTOBER 2021

यश भारत

सिटी न्यूज

कटनी, रविवार, 24 अक्टूबर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

शिक्षा विभाग की लापरवाही, डेढ़ साल से अलग नहीं हुआ डाइस कोड

1 शिक्षक के भरोसे 212 विद्यार्थियों का भविष्य, शासकीय माध्यमिक शाला गैरतलाई का मामला

बरही। विजयराघवगढ़ जनपद शिक्षा केन्द्र अंतर्गत ग्राम गैरतलाई में संचालित शासकीय माध्यमिक शाला पदस्थ 1 शिक्षक के भरोसे 212 बच्चे अपना भविष्य सवारने के लिए पहुंच रहे है। ऐसे में ये बच्चे कैसे पढ़ेंगे। कक्षा 1 से 12 तक का डाइस कोड एक होने से पोर्टल में शिक्षकों के पद रिक्त नही दिख रहा है, जिससे इस स्कूल में नए शिक्षक की भर्ती नही हो पा रही है। डेढ़ साल से शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी स्कूल का डाइस कोड अलग नहीं करवा पाए है, जिससे अतिथि शिक्षक की भी भर्ती नही हो पा रही है। अधिकारियों की घोर लापरवाही से अध्यापन कार्य बेपटरी है।

12 नबम्बर को नास की परीक्षा भी है। पढ़ाई प्रभावित होने से बच्चे भी चिंतित है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गैरतलाई कक्षा 9 से 12 नवीन भवन में स्थानांतरित हुए डेढ़ वर्ष बीत चुका है। कक्षा 1 से 8 शासकीय माध्यमिक शाला गैरतलाई पुराने भवन में ही स्थित है। कक्षा 1 से 12 तक का एक ही डाइस कोड अभी तक है। डेढ़ साल बीतने के बाद पोर्टल से डाइस कोड अलग नहीं कराया गया जिससे पोर्टल में शिक्षकों के रिक्त पद नहीं दिखाई दे रहे, इसी कमी के चलते न तो नियमित शिक्षकों की पदस्थापना हो पा रही और न ही अस्थाई रूप से अतिथि शिक्षकों की भर्ती की जा सकती है। कक्षा 1 से 8 तक विद्यालय में 359 बच्चे दर्ज हैं और केवल 3 शिक्षक पदस्थ हैं जिसके कारण अध्यापन कार्य पूरी तरह प्रभावित है। इस बारे में स्कूल प्रभारी चंद्रशेखर जायसवाल ने बताया कि उच्च अधिकारियों को समास्या से अवगत कराया गया, लेकिन आज तक डाइस कोड अलग नहीं हो पाया।

बीआरसी ने दी सफाई

इस गंभीर मसले पर जनपद शिक्षा केन्द्र के अधिकारी बीआरसी देवेंद्र अहिरवार से बात की गई तो उन्होंने जिला शिक्षाधिकारी के पाले में गेंद फेकते हुए सफाई देते हुए बताया कि डीईओ के डिजिटल साइन से फीडिंग का कार्य होना है। उन्होंने यह भी बताया कि अध्यापन कार्य के लिए संकुल स्तर पर प्रयास करते हुए 1 शिक्षक की व्यवस्था गैरतलाई स्कूल के लिए शनिवार को की गई है। सोमवार तक एक और शिक्षक की व्यवस्था हो जाएगीए लेकिन वास्तविकता यह है कि शनिवार की शाम तक कोई भी एक्स्ट्रा शिक्षक ने स्कूल में आमद नही दी थी।



बरही के तालाब सौंदर्यीकरण में घटिया निर्माण कार्य का आरोप

कटनी। जिले की बरही तहसील मुख्यालय में तालाब सौंदर्यीकरण का कार्य शासकीय योजना के तहत कराया जा रहा। मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास के तहत इस कार्य के लिए शासन द्वारा पौने 2 करोड़ की राशि जारी की गई है। बरही नगर के युवा समाजसेवियों एवं भाजपा किसानमोर्चा पदाधिकारियों द्वारा तालाब सौदर्यीकरण कार्य में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए इसकी जांच की मांग एसडीएम एवं कलेक्टर से की गई है। युवा समाजसेवी नवल सिंह चतुर्वेदी, प्रवीण त्रिवेदी, भाजपा किसान मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष रजनीश नामदेव द्वारा एक शिकायत में बताया गया कि सौंदर्यीकरण कार्य में शासन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता के मानदण्डों का पालन नहीं किया जा रहा। तालाब में तैयार किए गए पिलरों में से अभी से सीमेंट उखड़ने लगी है। कई पिलर ऐसे हैं जिस पर छल्ले का प्रयोग नहीं किया गया। निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा।

उत्कृष्ट विद्यालय में अमृत महोत्सव

नेताजी सुभाषचंद्र बोस पर विशेष कार्यक्रम की प्रस्तुति

कटनी। देश की आज़ादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा। इस उपलक्ष्य में शासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे। जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह के निर्देशन में गत दिवस माधवनगर स्थित उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में महान स्वाधीनता सेनानी आज़ाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाषचंद्र बोस पर एक विशेष कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य विभा श्रीवास्तव ने सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही नेताजी सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। विद्यालय के छात्र विकास सिंह द्वारा नेताजी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। छात्र -छात्राओं ने सामूहिक गान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शलभ शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य विभा श्रीवास्तव, रामवती टुड़हा, शैलबाला मैथ्यूज, अखिलेश दुबे, शेखर पाठक, अमित श्रीवास्तव एवं स्टाफ़के अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

रामायण के मानव जीवन में महत्व से परिचित हुए छात्र

शरद पूर्णिमा पर गर्ल्स कॉलेज में मनाई गई महर्षि बाल्मीकि एवं मीराबाई जंयती

कटनी। शासकीय कन्या महाविद्यालय में हिन्दी विभाग के द्वारा शरद पूर्णिमा के अवसर पर विश्व प्रसिद्ध ग्रंथ रामायण के रचियता महर्षि बाल्मीकि की जंयती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ विमला मिंज के द्वारा महर्षि बाल्मीकि के जीवन पर अपना उद्बोधन दिया गया एवं मानव समुदाय के लिये उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। डॉ किरण खरादी ने महर्षि बाल्मीकि द्वारा रचित रामायण के मानव जीवन में महत्व को विस्तार से समझाया, इसके साथ ही आज ही के दिन श्री कृष्ण की परम भक्त मीराबाई की जंयती भी मनायी गयी। इस अवसर पर अतिथि विद्वान डॉ प्रतिभा ने श्री कृष्ण के प्रति मीरा बाई के प्रेम और समर्पण को याद करते हुए उनके जीवन को वर्णित किया। भीम बर्मन ने राधा एवं मीरा के जीवन का तुलनात्मक रूप से वर्णन करते हुए अपना व्याख्यान डिजिटल माध्यम से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शासकीय कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता, डॉ साधना जैन, के जे सिन्हा, अमिताभ पाण्डेय, श्रीमती वंदना मिश्रा, डॉ अशोक शर्मा, डॉ नीना बजाज, डॉ संजयकांत भारद्वारज, डॉ अंकुर श्रीवास्तव, प्रेमलाल कांवरे, श्रीमती नम्रता निगम, सुश्री आरती वर्मा, सुश्री प्रीति तिवारी, श्रीमती श्वेता जायसवाल, सुश्री सोनिया कश्यप, डॉ स्मिता यादव, सुश्री श्वेता कोरी, आजंनेय तिवारी, विनीत सोनी, प्रियंका सोनी उपस्थित रहे।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा का विरोध

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे ने एसडीएम को सौंपा प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन

कटनी। बांग्लादेश में हो रहे अल्पसंख्यक हिन्दू भाइयों पर अत्याचार व हिंसा के विरोध में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कटनी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम का एक ज्ञापन गत दिवस एसडीएम को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर अत्याचार किया जा रहा। आए दिन हिंदू परिवार हिंसा का शिकार हो रहे। बांग्लादेश की शेख हसीना की सरकार दंगाईयों एवं हिंसा के दोषियों पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही। जिसके कारण बांग्लादेश में रहने वाले अल्पसंख्यक हिन्दू परिवार दहशत में जिंदगी गुजार रहे। देश के प्रधानमंत्री से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करते हुए बांग्लादेश सरकार पर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई का दबाव बनाने की मांग की गई। अल्पसंख्यक मोर्चा नगर अध्यक्ष अरशद मंसूरी ने कहा है कि अल्पसंख्यक मोर्चा इस मुद्दे को लेकर देशभर में आंदोलन छेड़ेगा।

अग्रवाल परिषद का हुआ गठन

कटनी।

अत्यन्त हर्ष का विषय है कि पूर्व में कटनी नगर में अग्रवाल परिषद का गठन किया गया था जिसमें 15 सदस्य, सरपंच, उप-सरपंच एवं पंच के पद पर चुने गये थे। कोरोना काल में सरपंच एवं उप-सरपंच के असामायिक निधन से एवं तीन पंच सदस्यों के शारीरिक असमर्थता के कारण अग्रवाल परिषद का पुनर्गठन दिनांक 17/10/2021 को किया गया एवं शरदोत्सव में उन्हें सम्मानित किया गया। वर्तमान में 15 सदस्यीय परिषद में निम्न पदाधिकारी अपनी सेवायें प्रदान कर रहे है जिसमें सर्वश्री दुर्गा प्रसाद अग्रवाल सरपंच, अनिल कुमार अग्रवाल उपसरपंच, सुरेश चन्द्र अग्रवाल (बैंक) सचिव, केदार प्रसाद अग्रवाल कोषाध्यक्ष, बद्री प्रसाद अग्रवाल पंच, त्रिलोकीनाथ अग्रवाल पंच, पुरुषोत्तम दास अग्रवाल पंच, दशरथ प्रसाद अग्रवाल पंच, सत्यकाम अग्रवाल पंच, जय प्रकाश अग्रवाल पंच, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल पंच, राजकुमार अग्रवाल पंच, अशोक कुमार अग्रवाल (बैंक) पंच, सरमनलाल अग्रवाल (बैंक) पंच एवं अनन्तराम अग्रवाल (रेल्वे) पंच को मनोनीत किया गया। म. प्र. अग्रवाल महासभा कटनी, जिला इकाई कटनी, अग्रवाल समाज कटनी, अग्रवाल महिला मंडल कटनी एव अग्रवाल नवयुवक मण्डल कटनी ने सभी सदस्यो को बधाई एवं शुभकामनाये प्रेषित की।

नगर निगम का दावा, सफाई में नहीं बरती जा रही कोई कोताही

सुबह 5 बजे से स्वच्छता अभियान में जुट जाते है स्वच्छता दूत

कटनी। नगर में भले ही जगह- जगह कचरे का अंबार लगा हो, नालियों की नियमित साफ-सफाई न हो रही हो। संक्रामक बीमारियां फैल रही हों, बावजूद इसके नगर निगम प्रशासन का दावा है कि नगर की सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त रखने व्यापक अभियान चलाया जा रहा। जगह-जगह न केवल कचरा और गंदगी साफ की जा रही बल्कि डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कर डंपिंग यार्ड तक पहुंचाया जा रहा। नगर निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर एवं नगर निगम के प्रशासक प्रियंक मिश्रा तथा निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में स्वास्थ्य निरीक्षकों की देखरेख में नगर निगम के स्वच्छता दूत नगर को साफ-सुथरा बनाने में कोई कोताही नहीं बरत रहे। प्रतिदिन सुबह 5 बजे से नगर के सार्वजनिक स्थलों, सड़कों, चौराहों आदि में साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ हो जाता है। नाले-नालियों की सफाई भी नियमित रूप से की जा रही। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का कार्य भी सुचारू रूप से चलाया जा रहा। स्वच्छता दूतों के माध्यम से कल मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला बरगवां परिसर में छात्रों की सुविधा हेतु मैदान की सफाई खरपतवार की कटाई एवं छिलाई के कार्य सहित साधूराम स्कूल परिसर की सफाई कराई जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। वंशस्वरूप वार्ड में अभियान चलाकर स्वच्छता दूतों की दलेल के माध्यम से वार्ड की मुख्य एवं अन्य सडकों, चंदी की दफाई, गढडा टोला, बी.एस.एन.एल आफिस, नेंनसी स्कूल, द्वारका सिटी गेट के पास के नाले नालियों की सफाई कराई जाकर मुख्य मार्गो के किनारें की घांस एवं खरपतवार की छिलाई का कार्य कराया गया।

सुलभ शौचलयों में हुआ कीटनाशक का छिड़काव

सुलभ काम्पलेक्स में नागरिकों की सुविधा एवं सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नगर के विभिन्न स्थलों इंदिरा नगर, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, गाटर घाट, कटायेघाट, बरगवां, रफी अहमद किदवई वार्ड, गुरूनानक वार्ड स्थित गोल बाजार काम्पलेक्स, राम निवास सिंह वार्ड, कावस जी वार्ड, महाराणा प्रताप वार्ड सहित नगर के अन्य स्थलों के सुलभ शौचालयों की सफाई उपरान्त कीटनाशक दवा का छिडकाव किया गया।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक
Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah
Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें
www.yashbharat.com

एम जी एम हॉस्पिटल, कटनी में
नि:शुल्क BMD शिविर
सोमवार, 25 अक्टूबर 2021
समय - सुबह 10:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक
डॉ. पंकज गुप्ता
एम.बी.बी.एस., एम. एस.
विशेषज्ञ चिकित्सक
वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन

चुस्त दुरूस्त जीवन के लिए आवश्यक है मजबूत हड्डियां । यदि निम्नलिखित समस्या है तो हड्डियों की कमजोरी से ग्रसित हो सकते हैं -
1. उम्र 40 से ज्यादा है ?
2. थोड़ी सी चोट लगने पर हड्डियां टूट जाती हैं ?
3. बच्चेदानी का ऑपरेशन हो चुका है ?
4. वजन ज्यादा है ?
5. मौसम के अनुसार आपकी हड्डियों में दर्द होता है ?
6. कसरत करने का वक्त नहीं मिलता है ?
7. धूम्रपान व शराब का ज्यादा सेवन करते हैं ?
8. श्वास (अस्थमा) संबंधित डायबिटीज संबंधित दवाईयां लेते है ?
9. थायराइड की परेशानी है ?
10. कमर में बहुत दर्द होता है ?
11. लकवा की शिकायत है ?
12. कोविड-19 (कोरोना) बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं ?

अगर पूछे गये किसी भी सवाल का जबाव हां है तो आपको आस्टियो पोरोसिस नामक बीमारी का खतरा हो सकता है । आस्टियो पोरोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें हड्डियां बहुत कमजोर व नरम हो जाती है । नतीजन हल्की सी फिसलन या गिरने पड़ने वाले हल्के से दबाव से बुढ़ापे में हड्डियां जल्दी फ्रेक्चर हो जाती है । 40 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोग खासतौर से राजोनिवृत (Menopausal) महिलाएं ऑस्टियोपोरोसिस की जांच साल में एक बार जरूर करायें।

सामान्य तौर पर इस जांच के 3000 रूपये से 5000 रूपये तक लगते हैं जो कि इस दिन आपके लिए नि:शुल्क है ।
नि:शुल्क अस्थि जांच हेतु अपना रजिस्ट्रेशन आज ही करायें।

रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
mgm HOSPITAL एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन - 07622-405070, 405071

रीठी जनपद के ग्राम पंचायत हरद्वारा का मामला, सरपंच और सचिव की मिलीभगत

पहले भुगतान नहीं बाद में चैक बाउन्स



सीईओ से शिकायत, कार्यवाही की मांग

कटनी/रीठी। जनपद पंचायत रीठी के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरद्वारा में सरपंच एवं सचिव द्वारा काम के बदले किए गए भुगतान का चैक बाउन्स होने का मामला सामने आया है। इस पूरे मामले की शिकायत जनपद पंचायत रीठी के सीईओ से की गई है, हालांकि सीईओ द्वारा इस मामले में अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इस संबंध में बताया जाता है कि ग्राम पंचायत हरद्वारा के ग्राम खिरवा निवासी राजकुमार राय ने सीईओ को दी गई शिकायत में बताया है कि उसके द्वारा किए गए काम का भुगतान नहीं किया जा रहा था। जिसकी शिकायत सीईओ से की गई थी। शिकायत के बाद सरपंच एवं सचिव द्वारा 25 हजार 840 रूपए का चैक दिया गया था, जो कि उसके द्वारा बैंक में लगाया गया। बैंक द्वारा चैक वापस करते हुए कहा गया है कि खाते में पर्याप्त राशि नहीं है। इस तरह चैक बाउन्स हो गया। राजकुमार राय ने सीईओ रीठी को दिए आवेदन में सरपंच द्वारा जीएसटी के फर्जी बिलों की जांच किए जाने व सरपंच द्वारा दीपक ट्रेडर्स एजेंसी के बिल लगाकर सरकारी राशि की धोखाधड़ी की जांच किए जाने की मांग की है। राजकुमार राय ने सरपंच और सचिव पर धोखाधड़ी किए जाने पर एफआईआर दर्ज कराए जाने की मांग की है।

इनका कहना है

इस पूरे मामले में सीईओ ज्ञानेंद्र मिश्रा का कहना है कि ग्राम पंचायत से कोई चेक पेमेंट देने का नियम नहीं है। अगर सरपंच पति ने व्यक्तिगत कोई चेक दिया है और बाउंस हुआ है तो यह पुलिस का मामला है, इसमें जनपद द्वारा कोई कार्यवाही का अधिकार नहीं है। शिकायतकर्ता इसकी शिकायत संबंधित जगह कर सकता है। शिकायतकर्ता ने दीपक ट्रेडिंग के बिल पंचायत द्वारा लगाए गए हैं, उसकी जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

मुख्य मार्ग की सड़क गड्ढों में तब्दील

आवागमन हो रहा बाधित, परेशान हो रहे वाहन चालक





विजयराघवगढ़। नगर परिषद क्षेत्र विजयराघवगढ़ के वार्ड क्रमांक एक के अंतर्गत जनपद एवं तहसील कार्यालय एवं स्टेट बैंक के सामने मुख्य मार्ग की हालत खस्ता हो गई है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिसके चलते वाहन चालकों के साथ ही राहगीरों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय नागरिकों ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र विजयराघवगढ़ के वार्ड क्रमांक एक में जहां प्रशासन के समस्त कार्यालय स्थित है, वहीं समस्त कार्यालयों के अधिकारियों का आवागमन भी इसी मार्ग से होता है, किंतु मेन रोड के गड्ढों में कृषि अधिकारी की नजर नहीं पढ़ रही है, वहीं गड्ढों में पत्थर मिट्टी की डस्ट ढल जाने के कारण दो पहियाधारी अक्सर चोटिल हो जाते हैं, विगत 6 माह से उक्त सड़क गड्ढों में तब्दील है, किंतु अधिकारी व जनप्रतिनिधियों का इस तरफ ध्यान न देकर मौन रहना स्वयं में प्रश्नचिन्ह लग जाता है। क्षेत्र के नागरिकों ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से सड़क की मरम्मत की मांग की है।

लक्ष्य प्राप्त करने सतत प्रयत्नशील रहे युवा पीढ़ी

शिविर में मजिस्ट्रेट ने युवाओं से किया आव्हान

विजयराघवगढ़। शासन के निर्देशन में 2 अक्टूबर से लगातार आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा विधिक साक्षरता शिविर एवं विधिक प्राधिकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 10 अक्टूबर को ग्राम सिंघवारा में, 11 अक्टूबर को देवराकला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमति संजू तिवारी एवं प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट अनुपम तिवारी सिविल न्यायालय विजयराघवगढ़ के मुख्यातिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के बालक बालिकाओं को लैंगिक अपराध जो वर्तमान में घटित हो रहे है, भारतीय संविधान के द्वारा प्रदत्त मूल अधिकार एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का विस्तार पूर्वक विवरण देते हुए अपने संविधान का कैसे सम्मान करना चाहिए, वह कर्तव्यों का निर्वाहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से करना चाहिए जानकारी प्रदान की गई वही दिनांक 12 अक्टूबर को गौरहा ग्राम पंचायत भवन गुड़गड़ोहा एवं हन्तला में भी विधिक साक्षरता शिविर में न्यायाधीश श्रीमती संजू तिवारी द्वारा ग्रामीण नागरिक सरपंच, पंच एवं युवाओं को उनकी सुरक्षा संरक्षण विधि आदि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारीग प्रदान कराई गई। श्रीमति तिवारी ने युवा छात्र-छात्राओं को जागरूकता का पाठ पढ़ाते हुए बताया कि किसी भी परिस्थिति में हमे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निराश नहीं होना चाहिए। अपने उद्देश्य पूर्ति के लिए लगातार प्रयास रत रहना चाहिए।

श्रीमती प्रेमबाई तिवारी का निधन

कटनी। चण्डिका नगर निवासी प्रतिष्ठित नागरिक पंडित दिनेश तिवारी की वयोवृद्ध मातुश्री श्रीमती प्रेम बाई तिवारी का कल शनिवार की सुबह 6 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही चंडिका नगर क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। शुभचिंतकों और स्नेहीजनों ने निवास पर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। उनका अंतिम संस्कार इलाहाबाद में परिजनों व इष्टमित्रों की उपस्थिति में किया गया।

दीपावली पर्व पर भी कायम रहे शांति

गुंडे, बदमाशों व जुआरियों पर नजर रखें थाना प्रभारी, जबलपुर से आकर आईजी ने की थानावार अपराधों की समीक्षा

कटनी। जिले की कानून व्यवस्था व अपराध को लेकर शनिवार को जबलपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक उमेश जोगा ने समीक्षा की। समीक्षा बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। खासकर दीपावली पर्व को लेकर आईजी ने पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों को चौकन्ना रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। इसके पूर्व आईजी उमेश जोगा शनिवार की अपरांह सड़क मार्ग से कटनी आगमन हुआ। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आईजी श्री जोगा का अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने स्वागत किया। इसके बाद पुलिस कंट्रोल रूम के सभागार में पुलिस महानिरीक्षक उमेश जोगा ने एक-एक कर थानेवार अपराध व कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। समीक्षा के दौरान मुकदमों के निस्तारण की स्थिति, अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही, पुलिस की कार्यवृति आदि की जानकारी ली गयी एवं संबन्धित को आवश्यक निर्देश दिए। आईजी ने कहा कि किसी भी घटना का अनावरण होना चाहिए। जितने भी वारंटी है उन्हें गिरफ्तार किया जाए। आईजी ने कहा कि दशहरा पर्व सकुशल सम्पन्न हो गया। अब दीपावली पर्व में नजर रखने की जरुरत है। पर्व में मारपीट की घटना न होने पाए। गैंगेस्टर व गुंडा एक्ट में पाबंद लोगो पर की गयी कार्रवाई के बारे में भी आईजी ने जानकारी ली। बरही के बाणसागर डूब क्षेत्र में निर्मम हत्या कर हाथ, पैर व मुंह बांधकर फेंकी गई बोरा बंद युवक की लाश के बारे में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने अपडेट कराया और बताया कि युवक की शिनाख्तगी के प्रयास किए जा रहे हैं। युवक की शिनाख्त होते ही पुलिस इस अंधे कत्ल का पर्दाफाश कर देगी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया सहित दूसरे पुलिस अधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

कालेज के विद्यार्थियों को कानून के प्रति किया जागरूक

अमृत महोत्सव के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का कार्यक्रम

बरही। शासकीय महाविद्यालय बरही में शविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गयाए जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को विधि.कानून की बारीकियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार नोटिया सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बतौर मुख्य अतिथि मंचासीन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्राचार्य डॉ आर के वर्मा सहित विशिष्ट अतिथि न्यायधीश बी डी दीक्षित विधि अधिकारी, तरुरेन्द्र प्रताप सिंह व्यवहार न्यायधीश वर्ग-1 बरही, इनवाते नायब तहसीलदार बरही, श्री बघेल अध्यक्ष अधिवक्ता संघ बरही की उपस्थिति में कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने विधिए संविधानए कानून के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी को संविधान के दायरे में रहकर कार्य व्यवहार करने जागरूक किया। यह आयोजन आजादी के अमृत महोत्सव की कड़ी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अधिवक्ता प्रतीक्षा गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में समस्त अधिवक्ताओ, कालेज के छात्र.छात्राएं, कालेज स्टाफने की उपस्थिति में सफलता पूर्वक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

अव्यवस्थित बस स्टैंड, पीने के पानी को तरस रहे यात्री



विजयराघवगढ़। नगर परिषद क्षेत्र विजयराघवगढ़ के विगत दशकों से निर्माणाधीन बस स्टैंड में क्षेत्र भर के यात्रियों को किसी तरह की सुविधा तो प्राप्त हो ही नहीं रही है, वहीं नगर परिषद प्रशासन की ओर से पेयजल हेतु हैंड पंप लगाया गया था किंतु स्थानीय प्रशासन की अनदेखी से वह भी शोपीस बनकर बंद पड़ा है जिसके फलस्वरूप इन दिनों में भी बेचारे यात्रियों को पेयजल की असुविधा के कारण बस स्टैंड में बनी होटलों एवं निवासरत लोगों के घरों से पीने का पानी लेना पड़ता है जहां विगत दशकों पूर्व सर्व सुविधा युक्त बस स्टैंड की सुविधा क्षेत्रीय जनों को प्राप्त होना था वही वर्तमान में सर्व सुविधा युक्त बस स्टैंड तू दूर की बात है पेयजल की सुविधा क्षेत्र के यात्रियों को प्राप्त नहीं हो पाती नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी से नगर के सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा अपेक्षा की गई है की जनहित को ध्यान में रखते हुए बस स्टैंड के हैंडपंप को अभिलंब सुधार करवा कर यात्री बसों में यात्रा करने वाले लोगों को पेयजल की सुविधा प्रदान करवाई जाए।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड
☛ 1 दिन – 150/–
☛ 3 दिन – 250/–
☛ 7 दिन – 500/–
☛ 15 दिन – 1200/–
☛ 30 दिन – 1800/–
साईज– 5x1
आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com

सिटी न्यूज
www.yashbharat.com
अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें
www.yashbharat.com
कटनी, रविवार 24 अक्टूबर 2021
यश भारत

रिश्वतखोर सेल्समैन को 4 वर्ष का कठोर कारावास

अर्थदंड भी लगाया न्यायालय ने, खरीदी केंद्र में भुगतान कराने किसान से मांगी थी 2350 रुपये की रिश्वत

कटनी। विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम कटनी द्वारा शनिवार को भ्रष्टाचार सेल्समैन को 4 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। आरोपी जय कुमार पटेल सेल्समैन खरीद केन्द्र प्रभारी सहकारी समिति कन्हवारा को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 13(1-डी), धारा 13(2) के अपराध में 4 वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक संजय कुमार पटेल जिला अभियोजन कार्यालय ने की। अभियोजन के अनुसार रामकिशोर तिवारी पिता हरिवंश प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम जोगीकला तहसील व जिला कटनी द्वारा लोकायुक्त कार्यालय जबलपुर में 13 मई 2015 को शिकायत कर बताया था कि कृषि भूमि से उपज का गेहूं 157 क्विंटल विक्रय के लिये उसने शासन की गेंहू खरीद नीति के अनुसार 8 मई को सहकारी समिति कन्हवारा में जमा करायी थी। खरीद केन्द्र के प्रभारी जय कुमार पटेल सेल्समैन उससे जमा गेंहू की पर्ची देने, रुपयों का भुगतान कराने के एवज में उससे 15 रुपये क्विंटल के हिसाब से 2350 रूपये रिश्वत के रूप में मांग की जा रही है।

रंगेहाथ पकड़ा था लोकायुक्त ने

लोकायुक्त कार्यालय द्वारा आवेदन पर कार्यवाही शुरू की गई। रिश्वत की वार्ता रिकॉर्ड कर लाने के लिये कहा गया। वार्ता रिकॉर्ड होने के पश्चात 18 मई 2015 को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सिविल लाईन कटनी में आरोपी जय कुमार पटेल सेल्समैन को रामकिशोर तिवारी से 2350 रूपये की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त की टीम द्वारा रंगे हाथों पकड़ा। अनुसंधान के लिए विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में अभियोग पत्र पेश किया गया था।

सुनवाई के बाद सुनाई सजा

मामले में अभियोजन की ओर से कुल 6 साक्षियों की साक्ष्य न्यायालय में कराई गई। 44 दस्तावेजों को प्रमाणित कराया गया था। साथ ही मामले में जप्त की गई संपत्ति को न्यायालय के समक्ष पेश कर चिन्हित कराया गया था। अभियुक्त की ओर से मामले में अपने बचाव में एक साक्षी की साक्ष्य करायी गई थी। न्यायालय के समक्ष तर्क दिया गया था कि ली गई राशि जमा किये गये गेंहू की तुलाई, बोरियों की सिलाई आदि खर्च की थी। अभियोजन की ओर से जवाब देते हुए बताया कि इस प्रकार का कोई भी खर्च किसान से वसूल किये जाने का कोई प्रावधान नही है। न्यायालय द्वारा अभियोजन की ओर से पेश साक्ष्य व तर्कों से सहमत होते हुए अभियुक्त जयकुमार पटेल को सजा सुनाई है।

विधायक संजय पाठक के साले मोहित बाजपेयी का अल्पायु में निधन

ग्वारीघाट में सात परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

कटनी। पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के साले एवं जबलपुर के सदर निवासी प्रतिष्ठित नागरिक विवेक बाजपेयी के पुत्र मोहित बाजपेयी (डिम्पू) का कल रात्रि अल्पायु में दुखद निधन हो गया। निधन की खबर मिलते ही स्नेहीजनों, मित्रों एवं परिजनों में शोक व्याप्त हो गया। बड़ी संख्या में लोग शोक संवेदना व्यक्त करने उनके निवास पहुंचे। मोहित बाजपेयी का पिछले कुछ समय से जबलपुर के मेट्रो हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। 35 वर्ष की कम उम्र में उनके विछोह से लोगों को गहरा आघात लगा। वे अपने पीछे पत्नी, मासूम पुत्र एवं अन्य परिजनों का भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा आज प्रातः 10 बजे सदर गली नंबर 16 जबलपुर स्थित निवास से निकाली गई। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। मोहित का अंतिम संस्कार 7 परिजनों ने किया, जिसमे उनके बहनोई संजय सत्येन्द्र पाठक, पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी, आशीष पाठक, मनीष पाठक, रत्नेश अवस्थी, मनीष अवस्थी एवं शैलेष अवस्थी शामिल है।

बैंक में बंधक भूमि की करा दी रजिस्ट्री

महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

कटनी। कुठला थाना अंतर्गत क्षेत्र में एक बंधक भूमि की रजिस्ट्री कराकर लाखों रुपए की धोखाधड़ी की गई है। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्रकरण की विवेचना की जा रही है। पुलिस ने बताया कि कोतवाली थाना अंतर्गत जालपा वार्ड निवासी अशोक खंपरिया से जान बूझकर बेईमानी पूर्वक बैंक में बंधक भूमि की रजिस्ट्री कराकर धोखाधड़ी की गई है। पुलिस ने शिकायत पर छत्तीसगढ़ के पैंडरा निवासी पारुल अग्रवाल नामक महिला के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है। मामले में 28 लाख 40 हजार रुपये की धोखाधड़ी की गई है।

पर्ची न कट पाने के कारण तड़पती रही गर्भवती महिला

जिला अस्पताल में नहीं रुक रही मनमानी, संवेदनहीन हो रहे कर्मचारी

कटनी। जिला अस्पताल में बेपरवाही का आलम इस कदर बढ़ गया है कि संवेदना भी दम तोड़ रही हैं। एक ऐसा ही मामला फिर शनिवार दोपहर सामने आया। जिला अस्पताल में प्रसव पीड़ा से बंगला लाइन की सोना नाम की तड़प रही महिला को समय पर उपचार नहीं मिला। उसे डॉक्टर नर्सिंग स्टाफद्वारा पर्ची कटाने के लिए कहा गया। साथ में आई महिला पर्ची कटाने के लिए परेशान होती रही। इसकी मुख्य वजह थी कि रजिस्ट्रेशन काउंटर में मरीजों की भीड़ लगी हुई थी। वह पर्ची कटाने के लिए काफी कोशिश करती रही लेकिन नहीं कट पाई। वह नर्सिंग स्टॉफ से यह भी गिड़गिड़ाती रही कि उपचार चालू कर दीजिए। वह किसी तरह पर्ची कटा लेगी। लेकिन नर्सिंग स्टाफ ने एक नहीं सुनी और इस बात पर अड़े रहे कि पहले पर्ची तब फिर उसे डॉक्टर के पास जाने दिया जाएगा। इस तरह संवेदनहीनता के मामले अस्पताल में लगातार सामने आते हैं। इसके बाद भी सिविल सर्जन इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। प्रसूता इस तरह से परेशान होती हैं और जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं।

सड़क हादसे में प्रधान आरक्षक की दर्दनाक मौत

ड्यूटी से घर लौटते समय बाइक को ट्रक ने मारी टक्कर

कटनी। शहडोल-कटनी मार्ग पर सुरखी टैंक के पास शनिवार की देरशाम बड़वारा थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बड़वारा थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक खिरहनी फाटक क्षेत्र निवासी हीरालाल निषाद शनिवार की देरशाम ड्यूटी करके बुलट मोटर सायकल से वापस घर लौट रहे थे। उसीदौरान सुरखी टैंक के पास तेज रफ्तार बुलट मोटर सायकल को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसके कारण बुलट सवार प्रधान आरक्षक हीरालाल निषाद गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

अंतिम संस्कार में शामिल हुए एसपी

दर्दनाक सड़क हादसे में विभाग के प्रधान आरक्षक हीरालाल निषाद के निधन की खबर से पूरे विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं आज सुबह पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया प्रधान आरक्षक हीरालाल निषाद के निवास पहुंच कर शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। इसके बाद एसपी सहित दूसरे पुलिस अधिकारी दिवंगत हीरालाल निषाद के अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए।

सफर में थम गया वृद्ध यात्री की जिंदगी का सफर

कटनी। महानगरी एक्सप्रेस में सफर के दौरान एक यात्री के जिंदगी का सफर थम गया। सूचना पर जीआरपी ने मामले को जांच में लिया है। जीआरपी प्रभारी एसआई राकेश पटेल ने बताया कि गाड़ी संख्या 01094 महानगरी एक्सप्रेस के दिव्यांग कोच में यात्री भेजनपुर उत्तरप्रदेश निवासी 65 वर्षीय शिवनारायण की सफर के दौरान मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी ने ट्रेन के कटनी पहुंचने पर शव को उतरवाकर जिला अस्पताल पीएम के लिए भेजा। जेब में मिले मोबाइल के आधार पर परिजनों को सूचना दी। सूचना पर मउ से परिजन कटनी पहुंचे। जिसके बाद आज मृत यात्री का पीएम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।

27वीं पुण्यतिथि

स्व. श्रीमती शकुंतला देवी जैन

(निधन- 24-10-1994)

भीगी पलकों के संग, मुस्कुराते हैं हम, हर पल दिल को बहलाते हैं हम,
आप चलीं गईं दूर तो क्या हुआ, आज भी आपको दिल के करीब पाते हैं हम

पुण्यतिथि पर परिवार के हम सभी सदस्य आपको याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं

पुत्री-दामादः नवीन-नंदा जैन, पुत्र-पुत्रवधुः अनिल-श्रीमती ऊषा जैन
सुनील- श्रीमती स्नेह जैन, राजू-श्रीमती मंजूषा जैन
आदेश-श्रीमती ऋतु जैन, दीपक-श्रीमती रश्मि जैन
पोता-पोतीः अंकुर जैन-मंजू जैन, अंकुश-राजुल जैन, नीतू-अरविंद जैन,
निधि-आशीष जैन, श्वेता-अंशुल श्रीवास्तव, शशांक (टीपू)-दीपाली जैन,
हिमांशी-ऋषभ, हिमांशु, अवंतिका, रजत, ओशी, ओमी, नाती- नातिनः
नितिन-श्रीमती रश्मि, अंकित- श्रीमती वर्षा, परपोता-परपोतीः आदित्य,
अर्जव, अभिनव, आगम, स्माही, सेन्याली, वंशिका, आरव, अव्यान

फर्म- द फोटोलाइट स्टूडियो, टिपटॉप फोटो स्टूडियो
शानू इंटरप्राईजेज, इंडियन ओर एंड मिनरल्स
शकुंतला ट्रेडिंग कंपनी, कटनी

बोरी में बांधकर महानदी में किसने फेंकी लाश

5 दिन बाद भी नहीं हुई शिनाख्तगी, घटना स्थल पहुंचे पुलिस कप्तान

महानदी के बाणसागर भराव क्षेत्र में मिला था बोरी में बंद शव

बरही। बरही थाना क्षेत्र के कुटेश्वर माइंस मार्ग स्थित ग्राम तिमुआ सिद्ध महाराज के पास महानदी के बाणसागर भराव क्षेत्र में बोरी में बंद शव बरही पुलिस ने गत 21 अक्टूबर को बरामद किया था। घटना के 5 दिन बाद शव की शिनाख्तगी नही हो पाई है। गत दिवस जिले के पुलिस कप्तान सुनील कुमार जैन, एसडीओपी विजयराघवगढ़ शिखा सोनी ने घटनास्थल पहुंचकर बरही टीआई संदीप अयाची को शव की शिनाख्तगी कराने व हत्या कर शव को फेंकने वाले अज्ञात आरोपियों की पड़ताल करने निर्देशित किया था। अज्ञात युवक की हत्याकर बोरी में बंद कर पानी मे फेके गए शव के मामले में प्रारंभिक जांच में यह पाया गया है कि शव जिस बोरी में थाए वह बोरी नरसिंहपुर गाडरवारा में छपी थी, जिससे यह पता लगाया जा रहा है कि जक्त बोरियो की सप्लाई कहां हुई थी। बताया गया है कि शव के साथ मिली बोरी शक्कर पैकिंग में उपयोग होती है। गौरतलब है कि अज्ञात युवक का शव पानी मे उतरा रहा थाए हाथ-पैर, मुंह रस्सी से बंधा हुआ था। शरीर मे चोट के निशान भी थे। किसी ने बेहरहमी से हत्या कर शव को बोरी में बंद कर महानदी में फेंका दिया था। बरही मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर तिमुआ गांव के पास महानदी के भराव क्षेत्र में बोरी में बंद पानी में उतराता शव किसी अज्ञात युवक का थाए जिसके हाथ-पैर बंधे हुए थेए किसी ने बेरहमी से हत्याकर शव को महानदी में फेंका था, जिसकी अभी तक शिनाख्त नही हो पाई है। बहरहाल अज्ञात शव किसका है, हत्याकर महानदी में किसने फेकी सारे पहलुओं की पड़ताल गंभीरता से करने में पुलिस जुटी हुई है।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना,
एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

सिर्फ नाम ही काफी है.....
कजारिया
भारत की नंबर 1 टाइल्स कंपनी
पता- कजारिया टाइल्स शोरूम एल.आई.सी. के सामने सेल्फी पॉइंट के पास बरगवां, कटनी मो. 9755044511
Kajaria
सिटी आफिस- जनता ट्रेडर्स सुभाष चौक जयदयाल रोड कटनी
मो. 9893562711 फोन नं. 07622- 356475

SAMARTH MARBLE AND GRANITE
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी
मो. 9425153498, 7067666668

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

SUZUKI Way of Life!
ALL NEW SUZUKI ACCESS 125
Kam peeta hai
NOW WITH BS6
कम... पीता है
अधिकृत विक्रेता- ओम ऑटोमोबाइल्स
जबलपुर रोड, बरगवां कटनी, फोन-07622-220527
त्यौहारों के इस मौसम में अनेक आकर्षक रंगों में उपलब्ध

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR
Reliance digital
TRENDS
PLANET FASHION
U-TURN
BOLSA
GALAXY
City PRIDE Cinema
Food Junction The Food Court
HOTEL GRAND MERIDIAN
FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant
GRAVITY THE PUB

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)